भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2848

जिसका उत्तर 20 दिसंबर, 2023 को दिया जाना है

कोयले की खोज

2848. श्री राहुल कस्वां:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गत वर्ष के दौरान कोयले की खोज के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राजस्थान में खनन के माध्यम से कोयला उद्योग को बढ़ावा देने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने कोयले की मांग और आपूर्ति को पूरा करने के लिए कोई योजना बनाने का प्रस्ताव किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : जी, हां। भारत सरकार केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम के अंतर्गत सीएमपीडीआई के माध्यम से दो व्यापक चरणों- (i) क्षेत्रीय अन्वेषण और (ii) विस्तृत ड्रिलिंग में कोयला और लिग्नाइट का अन्वेषण करती है। कोयले का अन्वेषण एनएमईटी वित्तपोषण के माध्यम से भी किया जाता है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा कोयला और लिग्नाइट का अन्वेषण भी किया जाता है। पिछले वर्ष (2022-23) के दौरान शुरू किए गए कोयला/लिग्नाइट अन्वेषण कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग) और (घ) : राजस्थान में कोई कोयला भंडार नहीं मिला है। दिनांक 01.04.2022 की स्थिति के अनुसार जीएसआई द्वारा कोयला और लिग्नाइट के लिए प्रकाशित भारत की सूची के अनुसार, राजस्थान में 6457.72 मिलियन टन लिग्नाइट संसाधन उपलब्ध है। राजस्थान के बीकानेर जिले के बरसिंगसर में 2.1 एमटीपीए क्षमता की एक ओपन कास्ट लिग्नाइट खान इस समय नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) द्वारा प्रचालित की जा रही है और राजस्थान में आगे नई खनन गतिविधि के लिए तत्काल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) और (च) : वर्ष 2023-24 के लिए कोयले की अनुमानित मांग 1196.60 मिलियन टन है। वर्ष 2029-30 तक की उत्पादन योजना निम्नानुसार है:

कंपनी / वर्ष	उत्पादन लक्ष्य	अनुमान					
	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29	2029-30
सीआईएल	780.00	850.00	1000.00	1030.00	1055.00	1090.00	1120.00
एससीसीएल	70.00	72.50	75.00	79.00	80.00	82.00	82.00
कैप्टिव और अन्य	162.14	181.6	203.39	227.80	255.14	285.75	320.04
कुल	1012.14	1104.10	1278.39	1336.80	1390.14	1457.75	1522.04

अनुबंध

पिछले वर्ष (2022-23) के दौरान शुरू किए गए कोयला/लिग्नाइट अन्वेषण कार्यक्रमों का ब्यौरा -

वर्ष 2022-23 के दौरान कोयला/लिग्नाइट अन्वेषण के लिए ब्लॉकों की सूची				
क्र.सं.	राज्य	कोलफील्ड/ लिग्नाइटफील्ड	ब्लॉक	कुल ड्रिलिंग मिटरेज अप्रैल 22 से मार्च 23 तक
1	अरुणाचल प्रदेश	नामचिक नामफुक	नामचिक ईस्ट एवं नामचिक वेस्ट	1254.70
2	बिहार	हुरा	श्रीमतपुर	2257.00
3	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	कारीछापर	10520.00
4	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	नवागांव-चैनपुर	4829.00
5	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	कोतमेर	4474.50
6	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	तेराम	6421.00
7	छत्तीसगढ़	सोनहत	महाई	45809.00
8	छत्तीसगढ़	तातापानी-रामकोला	बागरा का पश्चिम	408.50
9	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	बर्रा	2675.00
10	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	चारभाटा पूर्व	8099.50
11	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	छल का पश्चिम	6790.00
12	छत्तीसगढ़	बिश्रामपुर का पूर्व	यूलिया गम्हारडीह	299.00
13	छत्तीसगढ़	बिश्रामपुर का पूर्व	ढास्का नौगाई	626.60
14	छत्तीसगढ़	सोनहत	लाबजी पुसला का उत्तर	3000.00
15	छत्तीसगढ़	सोहागपुर	शीतलधारा का पश्चिम	466.00
16	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	पुरुंगा पश्चिम	1427.00
17	छत्तीसगढ़	मंड-रायगढ़	हाटी	1810.00

18	झारखंड	उत्तर कर्णपुरा	पिपरवार का उत्तर	14787.00
19	झारखंड	राजमहल	राजगांव	46786.10
20	झारखंड	राजमहल	चुपरभिता का पूर्व	2426.70
21	झारखंड	झरिया	दामुदा का दक्षिण	3774.50
22	मध्य प्रदेश	सोहागपुर	बिचारपुर दक्षिण	13077.00
23	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	देवरागम	13443.00
24	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	पचौर	3247.00
25	मध्य प्रदेश	सोहागपुर	शाहपुर	6408.00
26	मध्य प्रदेश	सोहागपुर	मारवाटोला खंड I और II	3926.00
27	मध्य प्रदेश	सोहागपुर	मारवाटोला खंड-III एवं IV	3071.00
28	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	गुरवानी	2313.50
29	मध्य प्रदेश	पेंच वैली	खिरडा	349.30
30	महाराष्ट्र	वर्धा वैली	डिपसाइड ऑफ बरंज मनोरा-टकली	2364.00
31	महाराष्ट्र	वर्धा वैली	तेमुरदा दक्षिण	10937.40
32	महाराष्ट्र	वर्धा वैली	लाठी-पुराड	453.00
33	महाराष्ट्र	कैम्पटी	मोहपा-तेलगांव	587.00
34	नागालैंड	मेलक-त्सुरंग (झांजी-दिसाई) वैली	मोंगचेन डिबुइया	881.40
35	नागालैंड	मेलक-त्सुरंग (झांजी-दिसाई)	यिमचेंकिमोंग-तुली	997.30

		वैली		
36	नागालैंड	झांजी-देसाई	सतसुकबा-सहफुमी	200.00
37	ओडिशा	आईबी वैली	डिप एक्सटेंशन ऑफ बेलपहाड़	11015.00
38	ओडिशा	तलचर	पलासबनी पूर्व	1496.00
39	ओडिशा	तलचर	जदुनाथपुर	327.00
40	ओडिशा	तलचर	करदाबहाल का दक्षिण-ब्राह्मणबिल	2059.00
41	ओडिशा	आईबी वैली	छतावार पश्चिम	3689.00
42	ओडिशा	तलचर	तकुआ	3184.00
43	ओडिशा	आईबी वैली	टांगरडीह पूर्व	11441.00
44	ओडिशा	तलचर	सारधापुर-जलताप	3753.90
45	ओडिशा	आईबी रीवर	कोरबहाल	2445.00
46	ओडिशा	तलचर	तालानाली	1060.10
47	तमिलनाडु	रामनाद	रामनाथपुरम	1614.00
48	पश्चिम बंगाल	रानीगंज	बिनोदपुर भबानीगंज	2306.00
49	पश्चिम बंगाल	रानीगंज	हिंगला का दक्षिण	3765.00
50	पश्चिम बंगाल	रानीगंज	ताम्रा	11762.00
51	पश्चिम बंगाल	रानीगंज	परबेलिया का उत्तर	959.00
52	पश्चिम बंगाल	बीरभूम	रसूलपुर	2137.00
53	तमिलनाडु (लिग्नाइट)	रामनाद	रामनाथपुरम	1414.00